राजस्व लोक अदालत ''न्याय आपके द्वार'' कैम्प 2015 ग्राम पंचायत बाघाना
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर भीम
(नरेन्द्र कुमार जैन पीठासीन अधिकारी लोक अदालत/कैम्प कोर्ट)
कैम्प कोर्ट का स्थान :– ग्राम पंचायत बाघाना

प्रकरण सं. – 09/2015 प्रा.प.

निर्णय दिनांक – 22 जून, 2015

1. श्री प्रेमसिंह पिता कल्याणसिंह जाति रावत निवासी खीमागुडा बाघाना तहसील भीम
2. श्री कुपसिंह पिता कल्याणसिंह जाति रावत निवासी खीमागुडा बाघाना तहसील भीम
3. श्री छोगसिंह पिता कल्याणसिंह जाति रावत निवासी खीमागुडा बाघाना तहसील भीम
4. श्री चौथूसिंह पिता कल्याणसिह जाति रावत निवासी खीमागुडा बाघाना तहसील भीम

प्रार्थीगण

बनाम

1. श्री चिमनसिंह पिता बालुसिंह जाति रावत निवासी खीमागुडा सेमला का खेत तहसील भीम
2. श्री गोकलसिंह पिता बालुसिह जाति रावत निवासी खीमागुडा सेमला का खेत तहसील भीम
3. श्री मोटसिंह पिता बालुसिंह जाति रावत निवासी खीमागुडा सेमला का खेत तहसील भीम
4. श्री प्रतापसिंह पिता बालुसिंह जाति रावत निवासी खीमागुडा सेमला का खेत तहसील भीम
5. श्री लक्ष्मणसिंह पिता करणसिंह जाति रावत निवासी खीमागुडा सेमला का खेत तहसील भीम
6. श्री नैनुसिंह पिता भूरसिंह जाति रावत निवासी खीमागुडा सेमला का खेत तहसील भीम
7. श्रीमति कंकुदेवी पुत्री बालुसिंह पत्नि वनासिंह जाति रावत हाल निवासी मारवाडा हालेला तहसील पाली जिला पाली।
8. राज्य सरकार जरिये तहसीलदार भीम।

अप्रार्थीगण

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राज. लेण्ड रेवेन्यु एक्ट
वास्ते कराये जाने पक्की पत्थरगढी

यह कि मौजा खीमागुडा पटवार हल्का बाघाना तहसील भीम मे निम्न विवरण वाली आराजियात त है जो कि तत्कालिन खातेदार हम प्रार्थीगण के कब्जे व स्वामित्व में स्थित है जो आराजियात निम्न र है:–

खाता संख्या	खसरा नं.	रकबा			किस्म
		बीघा	विस्वा	विस्वांसी	
10 नया	559	06	17	10	बंझड
13 पुराना	561	00	06	05	बंझड
	562	00	02	15	बंझड
	563	00	06	00	बारानी 2
	564	00	03	00	बंझड
	567	01	10	00	बारानी 2
	567/625	01	10	00	बारानी 2
	568	00	06	00	बंझड
	569	00	03	00	गैमु खलियान
	570	00	06	05	बंझड
	579	00	03	00	गैमु चाह
	580	01	05	00	पेटा
	581	00	17	00	पेटा
	586	00	15	00	चाही 2
	587	00	06	10	चाही 2
	588	00	04	00	बारानी 2
	589	00	04	00	जाव 2 चाही 1
	590	00	01	15	बंझड
	591	00	01	00	गैमु ओडवा
	592	00	06	10	बारानी 2
	593	00	04	00	बारानी 2
	595	00	04	00	बारानी 2
	600	00	14	00	बंझड
	601	00	14	10	बंझड
कुल किता 24 रकबा 17 बीघा 11 विस्वा					

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, भीम जिला - राजसमंद

उपरोक्त खाता संख्या 10 नया व 13 पुराना में उपरोक्त खसरा नम्बर वर्णित आई हुई है और उपरोक्त कृषि भूमि की हम प्रार्थीगण द्वारा दिनांक 23.02.2014 को सीमाज्ञान करवाया था। उसके बाद भी अप्रार्थीगण विवाद करते है जबकि उपरोक्त वर्णित भूमि हम प्रार्थीगण के खाते दर्ज होकर हमारे कब्जे एवं स्वामित्व में चली आ रही है। उपरोक्त पद संख्या 1 में वर्णित भूमि सम्बन्धी ही विवाद है अन्य खसरा नम्बर सम्बन्धी कोई विवाद नही है इसलिये हम प्रार्थीगण केवल मात्र पत्थरगढी करवाना चाहते है जिसका विवरण उपरोक्तानुसार है

उक्त वर्णित जमीन क पडौस निम्न प्रकार है:–

पर्वू में :– श्री उदयसिंह पिता रामसिंह की जमीन

पश्चिम में:– श्री नैनसिंह पिता भूरसिंह की जमीन

उत्तर में:– जंगलात की भूमि

दक्षिण में :– चरनोट जमीन।

उपरोक्त पडौस के मध्य आराजियात की मौके पर सही सीमा जानकारी के चिन्ह नही होने की वजह से एवं प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण के मध्य जमीन की सीमा चिन्ह को लेकर विवाद उत्पन्न होता है परन्तु मौके पर पक्के चिन्ह नही होने के कारण एवं फसल बोते एवं काटते समय पाली डोली को लेकर आये दिन विवाद बना रहता है एवं अशान्ति बनी रहती हैं। हम प्रार्थीगण द्वारा समझाने पर भी अप्रार्थीगण नही मानते है। सीमा सम्बन्धी हर वक्त विवाद एवं अशान्ति बनी रहती है एवं प्रार्थीगण ने अप्रार्थीगण को कई मर्तबा सीमा सम्बन्धित चिन्ह बनाने को कहा परन्तु वे सदैव टाल मटोल करते रहते है और अन्त में कह दिया कि तुम न्यायालय में जाकर जमीन की पक्की पत्थरगढी करवा लों।

अतः वादी का वाद प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर **राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार 2015 कैम्प बाघाना** में प्रार्थी एवं अप्रार्थीगणो को बाद समझाईश आपसी राजीनामे से प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। उपरोक्त वर्णित आराजियात पर दोनो पक्षो की उपस्थिति में पत्थरगढी कराये जाने के आदेश दिये जाते है।

तहसीलदार भीम को लिखा जावे कि प्रार्थी से नियमानुसार शुल्क जमा करा उक्त विवादित भूमि की पत्थरगढी करा पालना से अवगत करावे। निर्णय आज दिनांक 22.06.2015 को कैम्प बाघाना में लिखा जाकर सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

सहायक कलक्टर
भीम, जिला– राजसमन्द

सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, भीम
जिला - राजसमन्द

Scanned by CamScanner